# हरियाणा विधान सभा

# अधिवेशन

## फरवरी 2023

## शोक प्रस्ताव

शोक प्रस्ताव संख्या - 1

## श्री जगदीश नेहरा, हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री

यह सदन हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री श्री जगदीश नेहरा के 18 जनवरी, 2023 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 5 जुलाई, 1939 को हुआ। वे वर्ष 1982 तथा 1991 में हरियाणा विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे वर्ष 1982-1987 के दौरान राज्य मंत्री तथा वर्ष 1991-1996 के दौरान कैबिनेट मंत्री रहे। उन्हें मंत्रिमंडल में रहते हुए शिक्षा, भाषा, जन स्वास्थ्य, सिंचाई, संसदीय मामले, खेल तथा पशुपालन एवं डेयरी विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभालने का गौरव हासिल हुआ। उनकी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में विशेष रुचि थी।

उनके निधन से राज्य एक अनुभवी विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

-----

शोक प्रस्ताव संख्या - 2

**श्री वेद पाल, हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व उपाध्यक्ष**

यह सदन हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व उपाध्यक्ष श्री वेद पाल के 16 जनवरी, 2023 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 5 जून, 1939 को हुआ। वे वर्ष 1982 में हरियाणा विधान सभा के सदस्य चुने गये तथा 24 जून, 1982 से 23 जून, 1987 तक हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष रहे। वे वर्ष 1996-1999 के दौरान हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन भी रहे। वे मृदुभाषी और मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

-----

शोक प्रस्ताव संख्या - 3

**श्री धर्मबीर गाबा, हरियाणा के भूतपूर्व राज्य मंत्री**

यह सदन हरियाणा के भूतपूर्व राज्य मंत्री श्री धर्मबीर गाबा के 10 फरवरी, 2023 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 15 मई, 1932 को हुआ। वे वर्ष 1982, 1991, 1996 तथा 2005 में चार बार हरियाणा विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे वर्ष 1991-1996 के दौरान राज्य मंत्री रहे। वे एक निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्ता थे।

उनके निधन से राज्य एक अनुभवी विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

-----

शोक प्रस्ताव संख्या - 4

**श्री भगवान सहाय रावत, हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य**

यह सदन हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री भगवान सहाय रावत के 12 जनवरी, 2023 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 20 अप्रैल, 1947 को हुआ। वे वर्ष 1987 तथा 2000 में हरियाणा विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे वर्ष 1988-1990 के दौरान हरियाणा राज्य भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रहे।

उनके निधन से राज्य एक अनुभवी विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

-----

शोक प्रस्ताव संख्या - 5

## चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवाल, हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य

यह सदन हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवाल के 4 फरवरी, 2023 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 5 मार्च, 1941 को हुआ। वे वर्ष 1982 में हरियाणा विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे वर्ष 1977-1979 के दौरान हरियाणा डेयरी विकास निगम के चेयरमैन रहे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

-----

शोक प्रस्ताव संख्या - 6

**श्री जगराम, स्वतन्त्रता सेनानी**

यह सदन जिला फरीदाबाद के गांव मच्छगर के स्वतंत्रता सेनानी श्री जगराम के 24 जनवरी, 2023 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

यह सदन दिवंगत के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

-----

शोक प्रस्ताव संख्या - 7

## हरियाणा के शहीद

यह सदन प्रदेश के उन वीर सैनिकों को अपना अश्रुपूर्ण नमन करता है, जिन्होंने मातृभूमि की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

इन वीर सैनिकों के नाम इस प्रकार हैं:

1. सूबेदार महेन्द्र कुमार, गांव पायगा, जिला महेन्द्रगढ़।
2. हवलदार जोगेन्द्र सिंह, गांव सुनारिया खुर्द, जिला रोहतक।
3. हवलदार अशोक कुमार, गांव कोटिया, जिला महेन्द्रगढ़।
4. हवलदार नरेन्द्र सिंह, गांव शहादत नगर, जिला रेवाड़ी।
5. जे.सी.ओ. प्रमोद कुमार, गांव बहादुरगढ़, जिला जीन्द।
6. नायक राज सिंह, गांव सासरोली, जिला झज्जर।
7. नायक संदीप यादव, गांव जीतपुरा, जिला हिसार।
8. नायक अरुण कुमार, गांव ककराला, जिला महेन्द्रगढ़।
9. सिपाही भैरू सिंह, गांव अमरपुरा, जिला महेन्द्रगढ़।
10. सिपाही अमित, गांव एम.पी.माजरा, जिला झज्जर।

11. सिपाही हैप्पी सिंह, गांव फग्गू, जिला सिरसा।

12. सिपाही मनोज कुमार, गांव पीलीमन्दोरी, जिला फतेहाबाद।

यह सदन इन वीरों की शहादत पर शत्-शत् नमन करता है और शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

-----

## शोक प्रस्ताव संख्या - 8

यह सदन

विधायक श्री नीरज शर्मा के मामा, **श्री ओम प्रकाश कौशिक;**

तथा

विधायक श्री दीपक मंगला की माता, **श्रीमती प्रेमवती मंगला**; के दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

यह सदन दिवंगतों के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

-----